दैनिक
करंट क्राइम

05 ◀ नई दिल्ली || बुधवार || 04 दिसम्बर - 2019 ||   गाजियाबाद

# आईटीएस डेन्टल कॉलिज में अंतर्राष्ट्रीय विकलांगता दिवस कार्यक्रम का आयोजन

● विकलांग व्यक्तियों और उनके नेतृत्व की भागीदारी को बढ़ावा देना







**मुरादनगर (करंट क्राइम)।** नगर में दिल्ली-मेरठ हाईवे असालतनगर गांव स्थित आईटीएस डेन्टल कॉलिज में अंतर्राष्ट्रीय विकलांगता दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। अंतर्राष्ट्रीय विकलांगता दिवस के अवसर पर आईटीएस शिक्षा समूह के अध्यक्ष डॉ. आरपी चड्डा तथा वाइस चेयरमैन अर्पित चड्डा ने अपने विचार व्यक्त किये कि किस प्रकार समाज विकलांगो के लिए भौतिक, तकनीकी और व्यवहार संबंधी बाधाओं को हटाने के लिए प्रयास कर सकता है।

आईटीएस शिक्षा समूह हमेशा विकलांग रोगियों के लाभ के लिए बिना किसी भेदभाव के सस्ती कीमत पर उच्च गुणवत्ता वाले उपचार प्रदान कर रहा है। यह संस्थान समुदाय की मौखिक स्वास्थ्य आवश्यक्ताओं के रिकॉर्ड भी रखता है, विकसित करता है और जरूरतों को पूरा करने कि लिए रणनीतियों की योजना बनाता है, जरूरतमंदों और समुदाय के वंचित वर्ग को आउटरीच कार्यक्रमों के माध्यम से मौखिक स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करता है। स्वास्थ्य सेवाओं के उपयोग के लिए कॉलिज, मरीजों के घरों के पास दंत चिकित्सा देखभाल प्रदान करता है।

अंतर्राष्ट्रीय विकलांगता दिवस हर साल, 3 दिसम्बर को मनाया जाता है, जिसका विषय है विकलांग व्यक्तियों और उनके नेतृत्व की भागीदारी को बढ़ावा देना। अंतर्राष्ट्रीय विकलांगता दिवस पर अद्वैत पब्लिक स्कूल, गाजियाबाद में रोगियों के लिए शिविर लगाया गया। जिसमें रोगियों कि गतिविधियों की श्रृंखला देखी गई। आईटीएस डेन्टल कॉलिज द्वारा आयोजित शिविर स्थल पर मौखिक स्वच्छता कि जाँच की गई और सभी रोगियों को आवश्यक उपचार बताया गया। अपनी क्षमताओं का प्रदर्शन करने के लिए विकलांग बच्चों के बीच एक ड्राइंग और क्विज प्रतियोगिता भी कराई गई। ड्राइंग में छात्रों ने बहुत उत्साह और दिल को छूने वाली रचनात्मकता का प्रदर्शन किया। ब्रशिंग मॉडल और टूथब्रश की मदद से ब्रशिंग का सही तरीका बतया गया। कार्यक्रम का समापन प्रतियोगिता के विजेता को पुरस्कार देकर किया गया। कार्यक्रम के आयोजन के लिये सभी प्रतिभागियों ने आईटीएस शिक्षा समूह के चेयरमैन डॉ. आर.पी. चड्डा को धन्यवाद दिया।

दैनिक हिन्ट

3

गाजियाबाद, बुधवार, 04 दिसम्बर, 2019

## आईटीएस कॉलेज में अंतर्राष्ट्रीय विकलांगता दिवस पर विशेष कार्यक्रम

# 'दिव्यांग नेतृत्व को बढ़ावा जरूरी'

हिन्ट संवाददाता

**गाजियाबाद।** अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांग दिवस आयोजित कार्यक्रम के दौरान आईटीएस शिक्षा समूह के अध्यक्ष, डॉ. आरपी चड्ढा, वाइस चेयरमैन अर्पित चड्ढा ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि समाज दिव्यांगों के लिए भौतिक, तकनीकी और व्यवहार संबंधी बाधाओं को हटाने के लिए किस प्रकार से प्रयास कर सकता है।




आईटीएस शिक्षा समूह हमेशा दिव्यांग रोगियों के लाभ के लिए बिना किसी भेदभाव के रियायती कीमत पर उच्च गुणवत्ता वाले उपचार दिए जा रहे हैं। यह संस्थान समुदाय की मौखिक स्वास्थ्य आवश्यकताओं के रिकॉर्ड भी रखता है। साथ ही विकसित करता है और जरूरतों को पूरा करने कि लिए रणनीतियों की योजना भी बनाता है। जरूरतमंदों और समुदाय के वंचित वर्ग को आउटरीच कार्यक्रमों के माध्यम से मौखिक स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करता है। स्वास्थ्य सेवाओं के उपयोग के लिए कॉलेज, मरीजों के घरों के पास दंत चिकित्सा देखभाल प्रदान करता है। अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांगता दिवस हर साल तीन दिसम्बर को मनाया जाता है, जिसका विषय है 'विकलांग व्यक्तियों व उनके नेतृत्व को बढ़ावा देना'। अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांगता दिवस पर अद्वैत पब्लिक स्कूल, गाजियाबाद में रोगियों के लिए शिविर लगाया गया जिसमें रोगियों की गतिविधियों की श्रृंखला देखी गई। आईटीएस डेन्टल कॉलिज मुरादनगर द्वारा आयोजित शिविर स्थल पर मौखिक स्वच्छता कि जांच की गई और सभी रोगियों को उपचार बताया। अपनी क्षमताओं का प्रदर्शन करने के लिए दिव्यांग बच्चों के बीच एक ड्राइंग और क्विज प्रतियोगिता कराई गई। ड्राइंग में छात्रों ने बहुत उत्साह और दिल को छूने वाली रचनात्मकता का प्रदर्शन किया। ब्रशिंग मॉडल और टूथब्रश की मदद से ब्रशिंग का सही तरीका बताया गया।

कार्यक्रम का समापन प्रतियोगिता के विजेता को पुरस्कार देकर किया गया। कॉलेज में मरीजों के सर्वोत्तम ईलाज के लिये कैड-कैम, सीबीसीटी, लेजर आदि की आधुनिक सुविधाएं भी उपलब्ध है। कॉलेज में अत्याधुनिक सेंटर फॉर एडवांस रिसर्च भी है, जहां अनेकों शोध हुए हैं। जिसके लिये संस्थान को अनेकों बार आईसीएमआर अनुदान से सम्मानित किया गया है। कार्यक्रम के आयोजन के लिये सभी प्रतिभागियों ने आईटीएस शिक्षा समूह के चेयरमैन डॉ. आरपी चड्ढा को धन्यवाद दिया।

Dainik Jagran

Page No : II (Jagran City)

Date: 4th Dec 2019

# दिव्यांग छात्रों ने किया रचनात्मकता का प्रदर्शन

संवाद सहयोगी,मुरादनगर : हाईवे स्थित आइटीएस डेंटल कॉलेज में मंगलवार को अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांगता दिवस के मौके पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान संस्थान की ओपीडी में रोगियों को मौखिक स्वच्छता के बारे में जानकारी दी गई। इसके साथ ही सभी रोगियों को ब्रशिंग का सही तरीका भी बताया गया। इसके अलावा गाजियाबाद के अद्वैत पब्लिक स्कूल में जांच शिविर लगाया गया। जिसमें छात्रों की मौखिक स्वच्छता की जांच की गई। वहीं दिव्यांग बच्चों के लिए ड्राइंग और क्विज प्रतियोगिता कराई गई। जिसमें छात्रों ने बहुत सुंदर ड्राइंग बनाकर अपनी रचनात्मकता का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन करने वाले छात्रों को पुरस्कार दिया गया। अंत में छात्रों को ब्रशिंग मॉडल और टूथब्रश के माध्यम से ब्रशिंग का सही तरीका बताया गया। समूह के अध्यक्ष डॉ. आरपी चड्डा ने कहा कि समाज के लोग भी दिव्यांगों के लिए भौतिक, तकनीकी और व्यवहार संबंधी बाधाओं को हटाने का प्रयास करें। शिक्षण समूह हमेशा दिव्यांगों के लाभ के लिए सस्ती कीमत पर उच्च गुणवत्ता वाले उपचार प्रदान कर रहा है।

वहीं, वाइस चेयरमैन अर्पित चड्डा ने कहा कि संस्थान समुदाय की मौखिक स्वास्थ्य आवश्यकताओं का रिकार्ड भी रखता है। उन्हें विकसित करता है और जरूरतों को पूरा करने कि लिए रणनीतियों की योजना भी बनाता है। साथ ही स्वास्थ्य सेवाओं के उपयोग के लिए मरीजों के घरों के पास भी दंत चिकित्सा देखभाल प्रदान करता है।




डेंटल कॉलेज में छात्रों के दांतों की जांच करते चिकित्सक • सौजन्यः कॉलेज

# Hindustan (Hindi)

Page No. 04 (Gzb.) Date 04/12/2019

## दिव्यांग के संघर्ष पर कार्यक्रम का आयोजन

**मुरादनगर।** आईटीएस डेंटल कॉलेज में दिव्यांग दिवस पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें दिव्यांग लोगों के जीवन संघर्ष पर छात्रों ने नाटक प्रस्तुत किया। साथ ही लोगों से उनकी सहायता और समाज में समानता देने की अपील की। कॉलेज के चेयरमैन आरपी चड्ढा ने यह जानकारी दी।

नई दिल्ली, लखनऊ, गाजियाबाद, मेरठ, हापुड़, नोएडा, बुलंदशहर एवं मथुरा में प्रसारित

दैनिक

# जन सागर टुडे

एक सकारात्मक पहल

6 jansagartoday@gmail.com
गाजियाबाद, बुधवार, 04 दिसम्बर 2019

## गाजियाबाद-डासना

# आईटीएस सेन्टर फॉर डेन्टल स्टडीज मे हुआ अंतर्राष्ट्रीय विकलांगता दिवस का

जनसागर टुडे

मुरादनगर। दिल्ली-मेरठ रोड़ असालत नगर स्थित आईटीएस डैन्टल कॉलिज, मुरादनगर में अंतर्राष्ट्रीय विकलांगता दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। अंतर्राष्ट्रीय विकलांगता दिवस के अवसर पर आईटीएस शिक्षा समूह के अध्यक्ष, डॉ. आर पी चड्ढा तथा वाइस चेयरमैन अर्पित चड्ढा ने अपने विचार व्यक्त किये कि किस प्रकार समाज विकलांगो के लिए भौतिक, तकनीकी और व्यवहार संबंधी बाधाओं को हटाने के लिए प्रयास कर सकता है। आईटीएस शिक्षा समूह हमेशा विकलांग रोगियों के लाभ के लिए बिना किसी भेदभाव के सस्ती कीमत पर उच्च गुणवत्ता वाले







उपचार प्रदान कर रहा है। यह संस्थान समुदाय की मौखिक स्वास्थ्य आवश्यकताओं के रिकार्ड भी रखता है, विकसित करता है और जरूरतों को पूरा करने कि लिए रणनीतियों की योजना बनाता है, जरूरतमंदों और समुदाय के वंचित वर्ग को आउटरीच कार्यक्रमों के माध्यम से मौखिक स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करता है। स्वास्थ्य सेवाओं के उपयोग के लिए कॉलिज, मरीजों के घरों के पास दंत चिकित्सा देखभाल प्रदान करता है।अंतर्राष्ट्रीय विकलांगता दिवस हर साल, 3 दिसम्बर को मनाया जाता है, जिसका विषय है ह्यह्यविकलांग व्यक्तियों और उनके नेतृत्व की भागीदारी को बढ़ावा देना।अंतर्राष्ट्रीय विकलांगता दिवस पर अद्वैत पब्लिक स्कूल, गाजियाबाद में रोगियों के लिए शिविर लगाया गया जिसमें रोगियों कि गतिविधियों की श्रृंखला देखी गई। आईटीएस डैन्टल कॉलिज, मुरादनगर द्वारा आयोजित शिविर स्थल पर मौखिक स्वच्छता कि जाँच की गई और सभी रोगियों को आवश्यक उपचार बताया गया। अपनी क्षमताओं का प्रदर्शन करने के लिए विकलांग बच्चों के बीच एक ड्राइंग और क्विज प्रतियोगिता कराई गई। ड्राइंग में छात्रों ने बहुत उत्साह और दिल को छूने वाली रचनात्मकता का प्रदर्शन किया। ब्रशिंग मॉडल और टूथब्रश की मदद से ब्रशिंग का सही तरीका बताया गया कार्यक्रम का समापन प्रतियोगिता के विजेता को पुरस्कार देकर किया गया। इस सफल कार्यक्रम के आयोजन के लिये सभी प्रतिभागियों ने आईटीएस शिक्षा समूह के चेयरमैन डॉ0 आर पी चड्ढा को धन्यवाद दिया।

# Nav Bharat Times (Hindi)

Page No. 02 (Gzb.) Date 4th Dec 2019

## स्पेशल बच्चों के लिए लगाया शिविर

■ एनबीटी न्यूज, मेरठ रोड : आईटीएस डेंटल कॉलेज में मंगलवार को अंतर्राष्ट्रीय विकलांगता दिवस मनाया गया। इस मौके पर शिविर का आयोजन करने के साथ स्पेशल बच्चों के लिए कई प्रकार के आयोजन भी किए गए। कॉलेज की ओर से मेरठ रोड के अद्वैत पब्लिक स्कूल में शिविर लगाया गया। जिसमें जांच करने के साथ स्पेशल बच्चों के उपचार के बारे में भी बताया गया। स्पेशल बच्चों के बीच ड्राइंग और क्विज प्रतियोगिता कराई गई, जिसमें उन्होंने दिल को छूने वाली रचनात्मकता का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता के विजेताओं को सम्मानित किया गया।